
फेरबदल | कलेक्टर ने सौंपे दायित्व, नई जिम्मेदारियों की चुनौती नहीं होगी आसान

# डॉ. नवीन कोठारी बने सीएमएचओ, डॉ. संजय मिश्रा किए गए कार्यमुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर निलंबित सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा के स्थान पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी को तत्काल प्रभाव से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन निहित समस्त दायित्वों का प्रभार सौंप दिया है। डॉ. कोठारी अब सीएमएचओ के दायित्वों का निर्वहन राज्य शासन द्वारा नियमित पदस्थापना किये जाने अथवा आगामी आदेश तक करेंगे। निलंबित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा को वर्तमान दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। इसके पहले डॉ. नवीन कोठारी सिविल सर्जन बतौर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में प्रशासनिक फेरबदल के तहत वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नवीन कोठारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में



अपना कार्यभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालने के अवसर पर अस्पताल परिसर में एक औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों ने डॉक्टर कोठारी का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित स्टाफ ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### इसलिए किया गया फेरबदल...

गौरतलब है कि डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित करते हुए मुख्यालय भोपाल संभाग के क्षेत्रीय संचालक कार्यालय में अटैच किया गया है। दरअसल सीएमएचओ कार्यालय में फर्जी देयकों के माध्यम से भुगतान किए जाने की शिकायतों के बाद जांच शुरू की गई थी। डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में गठित टीम ने पाया कि भोपाल की सिंह इंटरप्राइजेज कंपनी को 12 फर्जी बिलों के जरिए करीब 93.04 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि संबंधित सामग्री कभी प्राप्त ही नहीं हुई। जिसके बाद डॉ संजय मिश्रा पर गाज गिर गई थी।

### ये रहेंगीं प्राथमिकताएं

सीएमएचओ का प्रभार संभालने के बाद डॉ. नवीन कोठारी ने नवभारत से चर्चा के दौरान कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम को संगठित रूप से कार्य करने के लिए संकल्पित करना, जिले में दवाइयों व अन्य उपकरणों की उपलब्धता व उसका वैरिफिकेशन करना, और स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आदिवासी बस्तियों में क्रियान्वित करना है।

### कुछ इस तरह की रहेंगी चुनौतियां

स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों के घोटाले के बाद डॉ. नवीन कोठारी को अब हर कदम फूंक-फूंककर रखना होगा। जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले की 56 डिस्पेंसरियों के खस्ता हाल, दवा खरीदी घोटाला, कर्मचारियों की ई अटैंडेंस सहित कुछ अन्य मामले चुनौती के रूप में डॉ कोठारी के सामने पहले से ही खड़े हैं। उन्हें हर मामले को न सिर्फ बरीकी से समझना होगा, बल्कि आने वाले दिनों में इसी समझ का परिचय देकर खरीद, बिल भुगतान की प्रक्रिया पर पैनी निगाह रखनी होगी। इसके साथ ही जिले की तमाम डिस्पेंसरियों, संजीवनी क्लीनिकों के हाल भी दुरुस्त कर उन्हें पटरी पर लाने होंगे।

# दिए की बाती से घर में भड़की आग

- गांधी चौक बड़ा पत्थर रांझी की घटना
- फायर अमले की मेहनत से बड़ी दुर्घटना टली
- गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक



**नवभारत,जबलपुर।** गांधी चौक बड़ा पत्थर रांझी इलाके में सोमवार सुबह करीक साढे दस बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां स्थित वीरेंद्र ठाकुर के मकान में अचानक आग भड़क उठी। आग की ऊंची ऊंची लपटें देखकर घर में मौजूद सभी लोगों ने घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और फायर अमले को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर अमले ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और वीरेंद्र की गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। इस संबंध में फायर मैन हल्लू प्रसाद ने नवभारत को बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घर के मंदिर में दिए की बाती चूहे खींचकर ले गए और फिर उसी बाती से आग भड़क उठी। अग्निकांड में कोई चोटिल नहीं हुआ है और न ही किसी प्रकार की कोई जनहानि हुई है।

### समय पर फायर अमले ने किया काबू

प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि अगर समय पर आग पर काबू फायर अमले द्वारा नहीं किया जाता तो मोहल्ले के अन्य घर की आग की जद में आ जाते। इसके साथ ही वीरेंद्र ठाकुर के घर में रखे गैस सिलेंडर तक भी आग नहीं पहुंची नहीं तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### पनागर के खेत में भड़की आग, फायर कर्मी चोटिल

पनागर के तिलगवां गांव स्थित खेत में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक आग भड़क उठी। जिसकी सूचना किसानों ने तत्काल फायर अमले को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर अमले ने आग पर काबू पाया। फायर मैन सत्यम जायसवाल ने नवभारत को बताया कि आग लगने का कारण अज्ञात है लेकिन आग बुझाते समय एक फायर कर्मी कृष्ण कुमार तिवारी घायल हो गए जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। आग बुझाने में करीब 2 घंटे लगे

## हाईकोर्ट ने 250 से अधिक जजों को किया स्थानांतरित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। हाईकोर्ट प्रशासन ने एक साथ पांच अलग-अलग आदेश जारी कर 250 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इस व्यापक बदलाव में सिविल जज (सीनियर व जूनियर डिवीजन), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सहित कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों की सूची मप्र हाईकोर्ट की बेबसाईट पर देखी जा सकती है।आदेशों के अनुसार सिविल जज (सीनियर डिवीजन) स्तर पर 58 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इनमें अतुल यादव, पुष्पराज सिंह उइके, अमित नागयाच, विजय कुमार पाठक और तथागत याज्ञिक सहित कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। इन्हें प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा जितेंद्र मेहर, नरेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह डावर, रवींद्र शिल्पी और सूर्यपाल सिंह राठौर समेत अन्य अधिकारियों को भी एक जिले से दूसरे जिले में पदस्थ किया गया है। सबसे बड़ा फेरबदल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर पर हुआ है। इस श्रेणी में 190 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूची में अमन सुलिया, अंशुल ताम्रकार, सौरभ गोस्वामी, विवेक सिंह राजन, दिव्या रामटेके, प्राची सिंह पटेल, अंकिता जैन और ब्रजेश कुमार चंसोरिया सहित कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। कई जिलों में नए सीजेएम की नियुक्ति की गई है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य न्यायिक अकादमी में भी अधिकारियों की नई तैनाती कर प्रशासनिक व्यवस्था में पुनर्गठन किया गया है।

# जबलपुर से होकर चल रही है स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिल रही सुविधा

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे द्वारा गर्मियों के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से यात्री मांग पर चल रही जबलपुर से अयोध्या, पुणे, बांद्रा टर्मिनस, कोयंबटूर और रानी कमलापति से अगरतला एवं रीवा से सीएसएमटी के मध्य स्पेशल ट्रेनों को समर के दौरान अप्रैल से जुलाई माह तक समर स्पेशल ट्रेनों के लिए अधिसूचित है। इसी कड़ी में जबलपुर-अयोध्या धाम साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को रात 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 11:25 बजे अयोध्या धाम पहुँच रही है।

01706 अयोध्या धाम-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 13:30 बजे अयोध्या धाम से प्रस्थान कर और गुरुवार को सुबह 06 :45 बजे जबलपुर पहुँच रही है। वही जबलपुर-पुणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 13:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और सोमवार सुबह 06:25 बजे पुणे पहुँच रही है। 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई



तक प्रत्येक सोमवार को सुबह 11:20 बजे पुणे से प्रस्थान कर और मंगलवार सुबह 06:00 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल

02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को सायं 17:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और शनिवार दोपहर 14:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँच रही है। 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई प्रत्येक शनिवार को सायं 17:15 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी और रविवार दोपहर 15:10 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक समर स्पेशल

02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को रात 23:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और रविवार दोपहर 14:40 बजे कोयंबटूर पहुँच रही है। 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को सायं 17:05 बजे कोयंबटूर से प्रस्थान कर और बुधवार सुबह 08:45 बजे जबलपुर पहुँच रही है।

### रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक समर स्पेशल

02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:50 बजे रीवा से प्रस्थान कर और शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुँच रही है।


02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13:30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान कर शनिवार सुबह 09:45 बजे रीवा पहुँच रही है।

### रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल

01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15 :20 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और शनिवार सायं 18 :55 बजे अगरतला पहुँच रही है। 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को सायं 17 :20 बजे अगरतला से प्रस्थान कर और मंगलवार सायं 16 :35 बजे रानी कमलापति पहुँच रही है।

# प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को लेकर जबलपुर में युवा कांग्रेस की बड़ी तैयारी

बैठक में बनाई गई रणनीति



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस की जबलपुर इकाई द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को अधारताल स्थित युवक कांग्रेस कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक आगामी 13 अप्रैल को प्रस्तावित बड़े विरोध प्रदर्शन की रणनीति तय करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में बताया गया कि 13 अप्रैल को उदय भानु चिब के नेतृत्व में जबलपुर में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। यह प्रदर्शन ट्रेड डील के विरोध में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। बैठक के अंत में जबलपुर शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले और ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव (राजा) ने सभी उपस्थित साथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपील की कि 13 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आंदोलन को ऐतिहासिक बनाएं। बैठक में पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष पारस जैन, प्रदेश महासचिव ऋषभ मिश्रा, सागर शुक्ला, अभिषेक यादव, भानु यादव, अभ्युत बाजपेयी, अदनान अंसारी, यावर चौधरी, सुदीप अग्रहरी, अमीर पहलवान, राजा रैकवार, राहुल बघेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### 10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए 10 हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जो जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ेंगी।

# पैदल पटरी पार करना पड़ा भारी, लगा जुर्माना

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर जंक्शन और मदन महल स्टेशन पर पैदल पटरी पार करना कुछ यात्रियों को महंगा पड़ गया। रेल सुरक्षा बल और रेलवे वाणिज्य विभाग के संयुक्त दल ने जांच के दौरान 14 यात्रियों को रेल नियम तोड़ने पर पकड़ा। अपनी जान जोखिम में और रेल सुरक्षा को खतरे में डालने पर आरोपित यात्रियों पर जुर्माना किया गया। संयुक्त दल ने रेलवे स्टेशन और आउटर पर जांच अभियान चलाकर अवैध वेंडरों को भी दबोचा। 26 वेंडर रेलवे की अनुमति के बिना स्टेशन और ट्रेन में जाकर खाद्य सामग्री विक्रय करने की चेष्टा कर रहे थे। पकड़े गए अवैध वेंडरों पर रेल अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की गई है। जांच के दौरान नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले छह आटो चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एक यात्री को अवैध तरीके से दिव्यांग कोच में यात्रा करते और दो यात्रियों को ट्रेन की जंजीर खींचने पर पकड़ा गया। एक यात्री पर प्लेटफार्म में धूम्रपान करने पर कार्रवाई की गई है। सघन जांच के दौरान कुल 50 मामले दर्ज किए गए।



# गर्मी बढ़ते ही फसल की कटाई शुरु

किसानों के खेतों में दिखने लगे हार्वेस्टर

**नवभारत, जबलपुर।** गर्मी का सीजन आते ही खेतों में फसलों की कटाई भी शुरू हो जाती है। जिसमें मुख्यतौर पर गेहूं, चना, मसूर आदि फसल शामिल है। हालांकि इस बार मौसम में बदलाव होने के कारण कटाई में काफी देरी हुई है अब रोजाना ही तेज धूप निकल रही है, जिससे खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से तैयार हो गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में सबसे ज्यादा गेहूं की फसल को बोया जाता है। लगभग सभी क्षेत्रों में गेहूं की फसलें धीरे-धीरे पकने लगी हैं और कई जगहों पर तो उनकी कटाई भी शुरू हो चुकी है। जिससे अब खेतों में हार्वेस्टर और ट्रैक्टर आदि कृषक के वाहन फसलों की कटाई करते हुए नजर आ रहे हैं।

### पंजाब से हार्वेस्टर लेकर आते हैं फसल काटने



जानकारी के अनुसार जिले में अधिकतर अब आधुनिकता को देखते हुए हार्वेस्टर से ही सभी फसलों की कटाई की जाती है। जिसमें किसानों का समय भी बचता है और पूर्ण रूप से पूरी फसल की कटाई भी हो जाती है। मुख्यत: यह देखा जाता है कि हार्वेस्टर चलाने वाले अधिकतर पंजाब से ही शहर में आते हैं, जो फसलों की कटाई करते हैं। क्योंकि हार्वेस्टर जैसी आधुनिक वाहन का उपयोग हमारे जिले के अधिकतर किसानों को नहीं आता है, जिसके लिए जिले के सभी किसान इनके द्वारा ही अपनी फसल कटवाते है। ऐसे वाहन और इनको चलाने की तकनीक भी पंजाब के किसानों में होती है। जहां से बड़ी संख्या में पंजाबी सरदार लोग शहर आते हैं और जिले में जगह-जगह जाकर गेहूं की फसलों की कटाई करते हैं।

### प्रति एकड़ कटाई हो गई महंगी

फसलों की हार्वेस्टर द्वारा कटाई के लिए पहले 1000-1200 रूपए प्रति एकड़ लगा करता था। परंतु पिछले दो-तीन सालों से इनके रेट भी बढ़ गए हैं। जिसमें अब हार्वेस्टर द्वारा कटाई कराने पर किसानों को 1400 से लेकर 1600 रुपए प्रति एकड़ पर देने पड़ रहे हैं। जिसके चलते फसलों को कटाई अब महंगी हो गई है।





















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57